श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

बी-४. कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली -११००१६

क्रमांक एफः–4 / ला.ब.शा.रा.सं.वि/2020-21/2076 दिनांकः 26/2/2021

सूचना

परीक्षा सम्बन्धित दिशा-निर्देश

शैक्षणिक सत्र 2020–2021 के शास्त्री / बी.ए(योग), आचार्य / एम.ए. योग, विशिष्टाचार्य एवं शिक्षाशास्त्री / शिक्षाचाय (प्रथम सैमेस्टर), शिक्षाशास्त्री (तृतीय सैमेस्टर नियमित (*) एवं चतुर्थ सैमेस्टर पुनः परीक्षार्थी) एवं अंशकालीन पाठ्यक्रम (प्रथम सैमेस्टर) में अध्यनरत छात्रों की आनलाइन (व्हाट्सप) माध्यम से परीक्षा आयोजित करने के संदर्भ में परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों हेतु दिशानिर्देश निम्न प्रकार से हैं-

1) शास्त्री / बी.ए(योग), आचार्य / एम.ए. योग, विशिष्टाचार्य (प्रथम सैमेस्टर), शिक्षाशास्त्री (तृतीय सैमेस्टर नियमित (*) एवं चतुर्थ सैमेस्टर पुनः परीक्षार्थी) में अध्ययनरत् छात्रों की सत्रीय परीक्षायें विश्वविद्यालय वेबसाईट पर उपलब्ध परीक्षा समय-सारिणी के अनुसार दिनांक 08.03.2021 से आनलाइन (व्हाट्सप) से प्रारम्भ की जायेगी। परीक्षा की अवधि 03 घण्टे होगी जो 10:00 से 01:00 बजे तक एवं साय 2:00 सें 5:00 बजे तक होगी।
2) शिक्षाशास्त्री / शिक्षाचार्य (प्रथम सैमेस्टर) एवं अंशकालीन पाठ्यक्रम (प्रथम सैमेस्टर) में अध्ययनरत् छात्रों की सत्रीय परीक्षायें विश्वविद्यालय वेबसाईट पर उपलब्ध परीक्षा समय-सारिणी के अनुसार दिनांक 25.03.2021 से आनलाइन (व्हाट्सप) से प्रारम्भ की जायेगी। परीक्षा की अवधि 03 घण्टे होगी जो 10:00 से 01:00 बजे तक एवं साय 2:00 सें 5:00 बजे तक होगी।
3) उपर्युक्त पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत् छात्रों की सत्रीय परीक्षाएँ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रेषित परीक्षा समय-सारिणी के अनुसार आयोजित की जायेंगी।
4) सभी परीक्षार्थियों द्वारा अपने विषयों की परीक्षा से पूर्व पैन, पैंसिल एवं लाइन वाले पृष्ठों (उत्तरपुस्तिका), मोबाइल फोन/लैपटाप/इंटरनेट आदि की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। **लाइन वाले पृष्ठों (उत्तरपुस्तिका) की उचित मात्रा में व्यवस्था स्वयं करें** ताकि प्रश्नपत्र में दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखने में पृष्ठों की कमी न हो।
5) सभी परीक्षार्थियों को अपने पाठ्यक्रम के विषयानुसार प्रश्नपत्र परीक्षा प्रारम्भ होने से 10 मिनट पूर्व सम्बन्धित परीक्षक द्वारा परीक्षार्थियों के मोबाइल नम्बर पर व्हाट्सप माध्यम (Whatsapp Number) से प्रेषित किया जायेगा। किन्हीं भी कारणों से यदि परीक्षार्थी को प्रश्न पत्र प्राप्त नहीं हो पा रहा है तो वह तुरन्त परीक्षक के मोबाइल पर सूचित करें।
6) सभी परीक्षार्थी व्हाट्सप माध्यम से प्राप्त प्रश्नपत्र का उत्तर अपनी उत्तरपुस्तिका (लाइन वाले पृष्ठों) पर लिखने से पूर्व उत्तरपुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर निम्नलिखित प्रारूप में सम्बन्धित सूचना का उल्लेख अनिवार्य रूप से करें।
   - परीक्षार्थी का नामः...
   - अनुक्रमांकः...
   - पिता का नामः..
   - दूरभाष संख्याः...
   - कक्षाः...

- ➢ विषय:..
- ➢ पत्र संख्या: ....
- ➢ परीक्षा की तिथि तथा समय:......................................
- ➢ परीक्षक का नाम:..

7) सभी परीक्षार्थी अपने पाठ्यक्रमों से सम्बन्धित विषयानुसार अपने प्रश्नपत्र व्हाट्सप द्वारा प्राप्त करने के पश्चात् उसमें दिये गये प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़े और समुचित उत्तर अपनी उत्तरपुस्तिका पर लिखें।

8) परीक्षा की समय-अवधि तीन घण्टे प्रात: 10:00 बजे से 01:00 बजे तक एवं सांय 2:00 सें 5:00 तक होगी। सभी परीक्षार्थियों को निर्धारित समयावधि के उपरान्त अतिरिक्त 10 मिनट का समय दिया जाएगा जिसमें परीक्षार्थी अपनी हस्तलिखित उत्तरपुस्तिका के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर कर व्हाट्सप के माध्यम **से सम्बन्धित परीक्षक के व्हाट्सप नम्बर पर 10 मिनट के भीतर अपलोड करना अनिवार्य होगा। विलम्ब से प्राप्त होने वाली उत्तरपुस्तिका को स्वीकार्य नहीं किया जायेगा।**

9(*). शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा कोविड-19 से उत्पन्न परिस्थितियों के कारण लिये गए निर्णय के अनुसार शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रम के चतुर्थ सैमेस्टर में दिये गए विषयों को तृतीय सैमेस्टर में परिवर्तित करने के कारण उपर्युक्त पाठ्यक्रम हेतु सत्रीय परीक्षाएं तृतीय सैमेस्टर के नाम से आयोजित की जा रही है।

उपर्युक्त विवरण के अनुसार सम्बन्धित कक्षा की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों की जानकारी हेतु परीक्षा समय-सारिणी, कक्षानुसार परीक्षार्थियों की सूची तथा **सम्बन्धित संयोजक एवं अध्यापकों के मोबाइल नम्बर की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। सम्बन्धित परीक्षार्थियों से अनुरोध है कि वह अपनी सुविधानुसार सम्बन्धित समय-सारिणी का अवलोकन करने का कष्ट करें।**

संलग्नक:-

1. संयोजको/अध्यापकों की सूची
2. सहायता सूचना दूरभाष न. - 011/46060536-37

यह सूचना माननीय कुलपति महोदय की स्वीकृति से जारी की जा रही है।

उपकुलसचिव (परीक्षा)

प्रतिलिपि:- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. समस्त संकायप्रमुख, विभागध्यक्षओं एवं संयोजक
2. निजी सचिव, कुलपति एवं कुलसचिव
3. सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपर्युक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
4. शैक्षणिक विभाग
5. कार्यालय आदेश पंजिका
6. सम्बन्धित पंजिका

उपकुलसचिव (परीक्षा)